Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-09-2022 | अंक 333

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड उच्च न्यायालय का फैसला स्वग्त्योग्य : मो कयूम



बरही पूर्वी पूर्व जीप प्रति. निधि मो कयूम ने कहा की अदालत ने शुक्रवार को बरही के दिवंगत रूपेश पांडेय की मां उर्मिला पांडेय द्वारा लिखित क्रिमिनल रिट पर सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट ने कहा की रूपेश पांडेय हत्याकांड की जांच अब सीबीआइ करेगी। मामले से जुड़े पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया है। सीबीआई को केश सौपने से इंसाफ में एक और कड़ी जुट गई है। रूपेश के आज भी कई हत्यारे फरार चल रहे है जिनपर अब सीबीआई अपना शिकंजा कसेगा। जिससे पीड़ित परिवार को अब न्याय मिलने की उम्मीद जाग उठी है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की हमे न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है की वह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का काम करेगी।

# ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज 9 सितंबर को बरही में निकालेंगे स्वर्वेद यात्रा

## स्वर्वेद यात्रा को लेकर राजसिंह चौहान के आवास पर सत्संगियों की हुई बैठक

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

विहंगम योग संत समाज बरही इकाई द्वारा शुक्रवार को स्वर्वेद यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा हजारीबाग रोड स्थित शकुंतला पैलेश से निकलकर चारों प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेंगे। स्वर्वेद यात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। इसे सफल बनाने को लेकर सत्संगियों की एक बैठक वीर कुंवर सिंह पथ स्थित राजसिंह चौहान के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता सत्संग प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता व संचालन कैलाश पति सिंह ने किया। बैठक में चर्चा हुआ कि सभी गुरु भाई, बहनों एवं जिज्ञासु अतिथि, बुद्धिजीवियों धर्मावलंबियों और समाजसेवियों को सूचित करते हुए ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज बरही के द्वारा स्वर्वेद यात्रा 9 सितंबर को सुबह नौ बजे से किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इस स्वर्वेद यात्रा में शामिल होकर अपने



ब्रह्मा विद्या विहंगम संत समाज के साथ राज सिंह चौहान

कल्याण का भागी बनें और सद्गुरु भगवान से प्रार्थना करते है कि आप सभी को सुख शांति एवं समृद्धि प्राप्त हों। बताते चले कि राजसिंह चौहान और विकास राणा ब्रह्मविद्या विहंगम योग संत समाज के सद्गुरु स्वर्वेद महामंदिर बनारस से दीक्षा प्राप्त किया है। दीक्षा प्राप्ति के पश्चात पहला कार्यक्रम 9 सितंबर को किया जा रहा है। राजसिंह चौहान ने कहा कि स्वर्वेद यात्रा का मूल उद्देश्य इसे जन-जन तक पहुंचाकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है। सदाफल देव जी की हिमालय में योग अवस्था में प्राप्त अनुभूतियों की अभिव्यक्ति स्वर्वेद में निहित है। जिसके पठन मात्र से शांति एवं आनंद की प्राप्ति होती है। कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर कर आध्यात्मिक राज्य की स्थापना के लिए विहंगम योग संस्थान सदैव प्रयत्नशील है। स्वर्वेद यात्रा के आयोजन में सभी लोगों से बढ़-चढ़कर सहयोग करने का अपील किया है।वहीं सत्संग प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वर्वेद सभी वेदों का सार है। कम पढ़े लिखे लोग भी इसे पढ़कर समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को स्वर्वेद का पाठ करना चाहिए। मौके पर राजसिंह चौहान, परामर्शक रामगोविंद सिंह, सत्संग प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता, पदमा प्रखण्ड प्रभारी दिनेश्वर सिंह, कैलाशपति सिंह, नागेश्वर प्रसाद केशरी, सिकन्दर सिंह, नकुलदेव राणा मौजूद थे। स्वर्वेद यात्रा में शामिल होने वाले लोग ब्रह्मविद्या विहंगम योग से राजसिंह चौहान 9835908529 व कृष्णा गुप्ता 9304726780 पर सम्पर्क कर सकते है।

# उमवि मलकोको के कृष्टि बाधित छात्र को मिला ब्रेल लिपि कीट, बीईईओ ने दी शुभकामना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

प्रखंड संसाधन केंद्र की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकोको के पूर्ण दृष्टि बाधित छात्र जीशान अंसारी पिता जहूर अंसारी को ब्रेल लिपि कीट दिया गया। प्रखंड संसाधन केंद्र में ही बीईईओ सह प्रखंड समन्वयक राकेश सिंह ने उक्त छात्र को ब्रेल लिपि किट सौपते हुए कहा कि यह किट पूर्ण रूप से दृष्टि बाधित बच्चों को पढ़ाई में काफी सहयोग प्रदान करता है। इस कीट के माध्यम से दृष्टि बाधित छात्र आसानी से पढ़ाई कर सकते हैं। जीशान अंसारी ने ब्रेल लिपि किट प्राप्त करते हुए कहा कि वे भी अन्य बच्चों की तरह पढ़ना चाहता है। लेकिन परेशानी हो रही थी। ब्रेल लिपि किट मिल जाने से अब आसानी से मैं भी पढ़ पाऊंगा। मौके पर रिसोर्स शिक्षक चंचल कुमार, दिलीप कुमार ,अरुण कुमार, संजय राणा एवं रामकृपाल राम मुख्य रूप से उपस्थित थे।



जीशान को ब्रेल लिपि किट सौपते बीईईओ राकेश सिंह

# बरही प्रखंड सभागार में सीओ ने कृषक मित्रो के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड सभागार में कृषक मित्रों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से पीएम किसान योजना अंतर्गत भूमि अभिलेख अपलोड, पीएम किसान लाभुकों को शत प्रतिशत केवाईसी करना, झारखंड ऋण माफी योजना अंतर्गत सभी लाभुको का केवाईसी, झारखंड राज्य फसल योजना अंतर्गत कृषको का पंजीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, रबी मौसम मिट्टी जांच नमूना संग्रह, बीजों प्रचार आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कृषक मित्र व प्रखंड व तथा अंचल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अर. विंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, सहायक तकनीकी प्रबंधक चिंताहरण पाठक, उमेश राणा, जनसेवक सुरेंद्र कुमार दास, जनसेवक उपेंद्र कुमार दास, जनसेवक सावना मांझी के अलावा सुरेश महतो, राजेंद्र प्रसाद, मो महमूद, परमेश्वर यादव, बिनोद कुमार, अशोक कुमार यादव, रघुनंदन यादव, राजेंद्र यादव, अर्जुन पंडित, महेंद्र रविदास आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेस का हल्ला बोल रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में कल, शामिल होंगे जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह व जिला महासचिव विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के बैनर तले अपना प्रिय वतन प्रिय मुल्क हिंदुस्तान के सर जमी पर केंद्र की भाजपा नीत मोदी सरकार के द्वारा आम जनता पर किए जा रहे अत्याचार भ्रष्टाचार सीबीआई तथा ईडी का दुरुपयोग देश में बेतहाशा बढ़ती हुई महंगाई इन सारे तथ्यों को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी 4 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल रैली का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रैली में भाग लेने के लिए हजारीबाग जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी जिला सचिव दीपक गुप्ता व अन्य कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।




# मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना की राशि दस लख रुपया करने के लिए कैबिनेट को बधाई : प्रयाग प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस सहकारिता विभाग बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद कहा कि झारखंड ने कै. बिनेट ने निर्णय लिया है कि गंभीर बीमारी योजना में पूर्व सरकार ने पांच लाख रुपया खर्च दिया करते थे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दस लाख रुपया किया इसके अलावा इस योजना के तहत असाध्य रोगों की सूची में कई अन्य बीमारियों को भी जोड़ा गया है उन्होंने कहा हेमंत सरकार ने एक से बढ़कर एक फैसला गरीबों दलितों शोसितो को आगे बढ़ने का काम किया है



APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डिवाइन स्कूल में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो बरकट्ठा में जुनियर वर्ग का व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेल के प्रति रुचि पैदा करना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि खेलकूद से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।साथ ही साथ खेलकूद जीवन में आगे बढ्ने की सीख देता है विजयी प्रतिभागियों में सोनु कुमार(137अंक), दिवाकर कुमार(88अंक), रिशि कुमार(51अंक), बजरंगी कुमार, तथा देवनारायण थे। विजेता छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया गया। इन छात्रों को सफलता के इस मुकाम तक पहुंचाने में विद्यालय की तीरंदाजी शिक्षिका एलिशबा टुडू प्रमुख सहभागिता रही इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार यादव, मनोहर सिंह, राजीव कुमार मोदी, भोला राणा, प्रीति प्रभा कुमारी, अनिल कुमार, संजीव सिन्हा, अलिसाबा टुडू, मानती लकड़ा, अंजू मरांडी, रीता मुर्मू, अशोक पासवन का सराहनीय योगदान रहा।

## धूमधाम से मनेगा विश्वकर्मा पूजा,बैठक कर समाज ने लिया निर्णय

### निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों को समाज करेगा सम्मानित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा आरपागर स्थित ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर में समाज के चौय विश्वकर्मा समिति अध्यक्ष मिथलेश्वर राणा के अगुवाई में बैठक आयोजित किया गया। बैठक का संचालन सचिव डोमन राणा व महेंद्र राणा ने किया। आगामी 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा पूजा को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि संजय राणा ने विश्वकर्मा मंदिर परिसर में भव्य गेट निर्माण करने का वादा किया। समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार करने पर जोर दिया गया। बैठक में सचिव डोमन राणा, कोषाध्यक्ष भीखन राणा, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, संजय राणा राजेन्द्र राणा, रामलखन राणा, बिरेन्द्र राणा, केदार राणा, नाथों राणा, बिरेन्द्र कुमार राणा, सिकेन्द्र राणा, बिनोद राणा, राजू राणा, किशोरी राणा, मनोज राणा, प्रभु राणा, बालेश्वर राणा, महेश राणा, महेंद्र राणा, सुभाष राणा, रामचन्द्ध राणा, कपिल राणा सहित अन्य।

## विष्णुगढ़ में प्रखंडस्तरीय विराट करम महोत्सव का आयोजन

### मांदर की थाप पर कई टोलियों में झूमे युवक–युवतियां

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


प्रखंडस्तरीय करम महोत्सव में झूमर प्रस्तुत करती युवतियों की टोली

विष्णुगढ़ के करगालो के पुरनाटांड़ मैदान में शनिवार को प्रखंडस्तरीय विराट करम महोत्सव का आयोजन किया गया। आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों गांवों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। करम महोत्सव का उद्घाटन कई जनप्रति. निधियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। पुरनाटांड़ मैदान में कार्यक्रम को लेकर विशाल अखरा का निर्माण किया गया था। अखरा में रखे गए करम जावा के चारों ओर सांस्कृ तिक गीतों की धुन और मांदर की थाप पर सैकड़ों युवक–युवतियों की टोली ने मनमोहक झूमर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागी पारंपरिक वेशभूषा में थे। महोत्सव में शामिल होने आए लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। बारिश के बावजूद लोग झूमते नाचते गाते रहे। शेर, भालू, मयूर, वनमानुष बने लोक कलाकारों ने लोगों को खूब गुदगुदाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि करम पर्व झारखंड का पारंपरिक त्योहार है। इस धरोहर को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सबों की सामूहिक भागीदारी होना आवश्यक है। इस पर्व से लोगों का सामाजिक ताना बाना जुड़ा हुआ है। आपसी एकता और मजबूत होती है। मौके पर मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो, कैलाश महतो, प्रेमचंद महतो समेत कई गांव के गणमान्य एवं ग्रामीण शामिल थे।

## सहायक अध्यापकों का 2 माह से वेतन नही आर्थिक स्थिति चरमराई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के सभी सहायक अध्यापको के दो माह से मानदेय नही मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक तंगी हो रही है इस बाबत प्रखण्ड सचिव सुकर ठाकुर ने कहा कि प्रमाण पत्र जांच के नाम पर 2 माह से वेतन रोकना उचित नहीं है। बरकट्ठा प्रखंड के सभी 384 सहायक अध्यापकों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। अब यदि दोनों माह का एक साथ मानदेय पेमेंट नहीं किया गया तो संघ मजबूर होकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे ज्ञात हो इन दिनों लगभग सभी प्रखंडो में सभी सहायक अध्यापकों( पारा शिक्षकों) के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच हो रही है जिसको लेकर मानदेय भुगतान बाधित है ।

## पूर्व विधायक ने बसरिया में गणपति का दर्शन व कठम्बा में किया जागरण मंच का उदघाटन

### गणपत्ति के जयकारे से गूँज रहा चौपारण, बह रहा भक्ति का बयार : मनोज यादव





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

बसरिया में आयोजित गणपत्ति पूजा के महाआरती में सम्मिलित होने बसरिया पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। इस दौरान पूर्व विधायक सहित अन्य अतिथियो को गणपत्ति का पट्टा देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कठम्बा में गणपत्ति पूजा के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण मंच का उदघाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान गणपत्ति के जयकारे से पूरा प्रखण्ड गूँज रहा है। लोग गणपत्ति के भक्ति में सराबोर है और चारो ओर भक्ति का बयार बह रहा है। पूर्व विधायक ने भव्य तरीके से गणपत्ति पूजा करने के लिए बसरिया व कठम्बा आयोजित समिति को बधाई दिया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, स्थानीय मुखिया मंजू देवी, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बसरिया पूर्व मुखिया नरेश पासवान, बसरिया मुखिया प्रतिनिधि शिव पासवान, भाजपा नेता कपिलदेव यादव, पिन्टू सोनी, मधु यादव, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, संजय सिन्हा, गौतम शर्मा, बिनय यादव, छात्र नेता चंदन राणा, विक्की प्रजापति, पिन्टू शर्मा, विजय यादव, विजय साव, बसरिया आयोजित समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सचिव रितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मदन साव, उपकोषाध्यक्ष उमेश साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बंदर ने स्कूल के बच्चों को कांटा नोच कर घायल किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : जंगल से गांव भाग कर गांव आया इकलौता बंदर ने बड़कागांव प्रखंड के होरम मोड़ के पास संचालित माइलस्टोन स्कूल परिसर में जमकर तबाही मचाई है। इस दौरान बंदर ने स्कूल में घुसकर 5 बच्चों को दांतों से काटा और नोच कर घायल कर दिया है। कई बच्चों का लहू तक निकल आया है। मामले को लेकर माइलस्टोन स्कूल के प्रबंधक देवदीप कुमार महतो ने बताया कि बंदर पिछले 15 दिनो से हमारे माइल स्टोन स्कूल के समीप आसपास भ्रमण कर रहा है। दो सितंबर को 3 बच्चों एवं 3 सितंबर को दो बच्चों को दांतों से काट लिया और नाखूनों से नोच कर घायल भी कर दिया। जिसके कारण बच्चों का लहू भी निकल आया। घायल बच्चों में बलराज गुलशन उम्र 8 वर्ष, पिंटू कुमार उम्र 7 वर्ष, आयुष कुमार उम्र 6 वर्ष ,शिक. ान्सू कुमार उम्र 8 वर्ष एवं राधिका कुमारी उम्र 5 वर्ष को बंदर ने काटकर एवं नोच कर घायल किया है। इस संबंध में बंदर की रेस्क्यू के लिए वन विभाग कर्मियों से बात की परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है ।बंदर का स्कूल के आसपास रहने से बच्चे डरे एवं सहमे हुए हैं। वन विभाग को इस ओर विशेष शीघ्र ध्यान देने की जरूरत है ताकि बच्चे निर्भीक होकर अपनी पढ़ाई लिखाई कर सकें।

## कर्णपुरा महाविद्यालय मे करमा महोत्सव का सफल आयोजन संपन्न हुआ





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के मल्टीपरपस ह०ल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं द्वारा करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव टूकेश्वर प्रसाद थे। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि लोग प्रकृति की पुजा पाठ व नाच गाकर अच्छे फसल की कामना करते हैं। साथ ही बहने अपने भाइयों की सुख, समृद्धि व लंबी उम्र की कामना करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो कार्यक्रम का संचालन किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो कीर्तीनाथ महतो ने कहा कि कर्मा पर्व पूरे झारखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, यहां के लोग ढोल मांदर की थाप पर झूमते हैं। कर्मा पर्व झारखंड के मुख्य त्योहारों में से एक है। जिसमें यहां के आदिवासी समूह एवं मूलनिवासी समुदाय के लोग भादो मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी के दिन मनाते हैं एवं द्वादशी के दिन कर्मा की डाल को नज़दीक के नदी या सरोवरों में विसर्जित कर देते हैं।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो ज्योति जलधर ,प्रो ऋतुराज दास, प्रो पवन कुमार, प्रो रंजीत प्रसाद,प्रो ललिता कुमारी, प्रो अनु कुमारी,प्रो किशोर प्र दांगी, श्री नागेश्वर महतो, श्री राजेंद्र कुमार, धानेश्वर महतो एवं छात्र छात्राओं में दीपिका कुमारी,,ललिता,कविता,आशा , प्रियंका, सोनम, सिंपी, गौतम, मोहन ,बबलू, रणदीप आदि सैकड़ों छात्र /छात्राएं उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दुमका की छात्रा हत्याकांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

### फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा देने की मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में शुक्रवार की शाम कैंडल मार्च में शामिल लोग

दुमका जिले की छात्रा हत्याकांड के विरोध में न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार की शाम प्रखंड के अचलजामो में अचलजामो न्याय संघर्ष समिति के बैनर तले कैंडल मार्च निक. ाला गया। पूरे गांव का भ्रमण कर मार्च का समापन किया गया। इसके पश्चात दिवंगत छात्रा की आत्मा के शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मार्च में शामिल लोगों ने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित सुनवाई करते हुए फांसी की सजा देने की मांग की गई। कहा गया कि त्वरित एवं सख्त कार्रवाई से ऐसी पाश्विक ताकतों का मनोबल ध्वस्त होगा। कैंडल मार्च में पूर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया तापेश्वर रजक, मुखिया कलावती देवी, पंसस अमिता कुमारी, शिक्षक अरुण गोस्वामी, विवेक गुप्ता, बेबी रोजलता, यशोदा देवी, संतोष राय, महेंद्र साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## जनसमस्याओं को ले होगा ब्लॉक मुख्यालय का घेराव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा आदर्श निकेतन युवा समिति के द्वारा चेचकपी स्थित लाल मैदान में मनोज मुर्मू की अध्यक्षता में एक बेठक का आयोजन किया गया संचालन राजाराम सिंह ने किया, बैठक में चेचकपी पंचायत के सभी समाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी गण उस्थित हुए, मौके पर मनोज मुर्मू ने कहा की झारखंड राज्य अलग होने के बाद भी बरकठ्ठा प्रखण्ड क्षेत्र में विकास नहीं हो पाया हैं, इसी विषय को लेकर सर्व समिति के यह निर्णय लिया गया कि 20 सितम्बर को बरकट्ठा ब्ल०क मुख्यालय का घेराव होगा, मौके पर सुरेश सिंह, प्रेमचंद हंसदा, महेश बेसरा, महेश मुर्मू, सहदेव सिंह, अनिल सिंह, चेतलाल साव, कपिलदेव सिंह, प्रभु मांझी, कृष्णदेव सिंह, सहदेव , अशोक सिंह, सुनील सिंह, बलेश्वर बास्के, लोग शामिल हुए ,

## चंद्रवंशी समाज के चतरा व हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष का निधन, शोक में समाज व चौपारण

### अंतिम दर्शन को उमदा जनसैलाब, शव यात्रा में शामिल हुए सिमरिया विधायक, बरही के पूर्व विधायक सहित अन्य





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय समाज के हजारीबाग व चतरा जिला के निर्वतमान अध्यक्ष सह चौपारण के वरिष्ठ पत्रकार शशि शेखर जी के पिता रामकेश्वर सिंह चंद्रवंशी का निधन। निधन की खबर सुनकर पूरे चनद्रवंशी समाज सहित चौपारण वासियो में शोक की लहर दौड़ पड़ा। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए सुबह से ही चौपारण स्थित उनके आवास पर लोगों का आना जाना लगा रहा। शवा यात्रा चौपारण आवास से निकलकर बिगहा स्थित चनद्रवंशी भवन तक गया जहां समाज के प्रबुद्ध लोगों ने स्वर्गीय रामकेश्वर जी के पार्थिव शरीर का दर्शन किया। शव यात्रा चनद्रवंशी भवन से निकल कर जीटी रोड चौपारण होते हुए उनके पैतृक आवास इंगुनिया पहुँचा जहाँ पूरे विधि विधान के साथ शव यात्रा निकाला गया। शव यात्रा में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा जिले के चंद्रवंशी समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ चौपारण के कई राजनी. तिक, सामाजिक, जनप्रति. निधियो के अलावे कई अखबारों के पत्रकारों का उमड़ा जनसलैब। मृतक रामकेश्वर सिंह अपने पीछे पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ चल बसे। मुखाग्नि बड़े बेटे अरविंद चनद्रवंशी ने दिया। वही पत्रकार शशि शेखर अपने पिता को कंधा देकर अंतिम यात्रा तक पहुंचाया। शव यात्रा में सिमरिया विधायक किसुन यादव, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद रवि अकेला, राकेश रंजन, आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, पूर्व मुखिया शौकत खान, राजेश चनद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, बिरेन्द्र चनद्रवंशी, सहित सैकड़ों लोग।

**समाज के लिए अपूरणीय छति, हम सब इनके कार्यो को याद रखेंगे : मनोज यादव**

शव यात्रा में शामिल बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि रामकेश्वर सिंह जी का निधन चनद्रवंशी समाज सहित हम सबके लिए अपूरणीय छति है। कहा स्वर्गीय रामकेश्वर सिंह जी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो व उनके विचारों को याद रखेंगे। श्री यादव ने भगवान से कामना किया कि मृतक आत्मा को भग. वान अपने श्रीचरणों में स्थान दे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## ओबीसी को 27% आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार जल्द करेगी घोषणा-अंबा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



ओबीसी समुदाय को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए विभिन्न तरीक़ों से माँग और समर्थन जुटा रहीं बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा ओबीसी समुदाय को आरक्षण बढ़ाने को लेकर बहुत जल्द घोषणा की जाएगी। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ओबीसी समुदाय को न्यायोचित आरक्षण दिलाने के लिए मेरे सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में शुरू से शामिल रहा है।सड़क, सोशल मीडिया से लेकर सदन तक, माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री गणों सहित महामहिम राज्यपाल तक से मुलाकात कर हर इसे मुकाम तक पहुंचाने का सार्थक पहल की गई और लगातार उठाए गए मामले एवं किए गए प्रयासों के बदौलत ओबीसी समुदाय को 27% आरक्षण उपलब्ध कराने को लेकर शीघ्र निर्णय हो सकता है। विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओबीसी आरक्षण को लेकर उच्च स्तरीय उप समिति के गठन हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी। आने वाले दिनों में ओबीसी समुदाय को आरक्षण बढ़ाने पर घोषणा हो जाएगी।ज्ञात हो कि ओबीसी समुदाय को उचित आरक्षण सुनिश्चित करने को लेकर बार-बार विधानसभा में अम्बा प्रसाद ने प्रश्न और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया था। साथ ही इसे लेकर माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रियों सहित महामहिम राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन भी दिए थे।विधायक अंबा प्रसाद ओबीसी समुदाय को उनके जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण दिलाने एवं जातीय जनगणना की मांग को लेकर बड़कागांव, केरेडारी, पतरातु, हजारीबाग, गढ़वा में कई महासम्मेलन के माध्यम से जन जागरूकता और ओबीसी समुदाय को एकजुट करने का भी कार्य करती रहीं हैं। समुदाय के नेताओं का कहना है कि ओबीसी समुदाय को एकजुट करने में राज्य में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने निभाई है। उनके प्रयासों का पहला फल उच्च स्तरीय उपसमिति के गठन के रुप में मिला है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ओबीसी को न्यूनतम 27% आरक्षण के लिए तब तक प्रयास करती रहूँगी जब तक अंतिम रूप से ये लागू ना हो जाय और उन्हें भरोसा है कि सरकार बहुत जल्द इस दिशा में घोषणा करेगी।

## बारिश के कारण जुगरा एवं चेपा काला गांव मे भारी नुकसान मुखिया ने मुआवजे की मांग की

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। कहा की बड़कागाँव के ग्राम जुगरा में एनटीपीसी का नहर का बांध का पानी का रास्ता बदल देने के कारण अचानक भारी बारिश का पानी खेतो मे बाढ़ आ गई ।जिससे दर्जनों खेतो में लगे फसल एवं लगभग आधा दर्जन घरो को हुई भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जुगरा तालाब से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र तक रास्ता भी छतिग्रस्त हुआ है। जिससे गाव के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस किसानों का फसल बर्बाद हुवा है उसमें मुख्य रूप से नागों साव, भगलु साव ,भोला साव , दशरथ साव , पुनीत गोप सहित दर्जनों किसान की खेती नुकसान हुआ है ।इसके अलावा चेपा कला गांव में गणेश गंझू, राजेश महतो एवं अशोक गंजू का मकान को नुकसान पहुंचा है ।मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा की एनटीपीसी परियोजना प्रमुख से फसल नुकसान एवं घर की नुकसान को लेकर किसानों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन दिया गया है।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार ने डीलर के संग की बैठक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने शनिवार को बड़कागांव पंचायत सचिवालय भवन में जन वितरण प्रणाली के दुक. ानदारों के संग विशेष बैठक की। बैठक में दुकानदारों से दुकान में संचालित योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुखिया ने सभी पीडीएस दुकानदारों को सरकार के द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर अनाज व अन्य सामग्री वितरण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आप राशन कार्ड धारियों को शिकायत का मौका नहीं दे मैं आपके साथ रहूंगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से रंजीत कुमार मुखिया संघ अध्यक्ष, सत्यदेव कुमार उप मुखिया, किशोर कुमार मेहता वार्ड सदस्य ,जन वितरण प्रणाली दुकानदार वीरेंद्र प्रसाद, जीवन कुमार, चरण राम, विनोद राणा ,गौरव महिला मंडल, महिला जागृति मंडल ए और महिला जागृति मंडल बी के संचालक उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## श्री शीतल टीवीएस ऑटोमोबाइल्स की वर्षगांठ मनी

## कम समय में शोरूम ने हासिल की बेहतर उपलब्धि

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



टीवीएस शोरूम की वर्षगांठ पर केक काटकर खुशियां मनाते संचालक समेत अन्य

विष्णुगढ़ गोमियां रोड़ में अखाड़ा चौक मोड़ के पास अवस्थित श्री शीतल टीवीएस ऑटोमोबाइल्स की छठी वर्षगांठ शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर शोरूम में संचालक के पिताजी जयनाथ साव ने केक काटकर सभी के साथ खुशियां मनाई। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ जैसे ग्रामीण इलाका होने के बावजूद ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस छोटे सी अवधि में शोरूम ने कई बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। इसका श्रेय हमारे कामगारों समेत ग्राहकों को जाता है। संचालक दिनेश कुमार ने कहा कि हमारा टीवीएस शोरूम त्योहार समेत विशेष आयोजनों पर ग्राहकों के लिए विशेष आफर देते रहती है। वर्तमान में शिक्षक दिवस पर टीवीएस के किसी भी बाइक की खरीदारी पर प्रत्येक में 1500 रुपये की आकर्षक नगद छूट दी जा रही है। उन्होंने ग्राहकों से इसका लाभ उठाने की अपील की। इसके अलावा कहा कि टीवीएस के किसी भी बाइक की खरीदारी पर आसान किस्तों में फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा शोरूम के वर्कशoप में सस्ते दर पर वाश एवं सर्विसिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर मनोज शीतल, महाबीर साहू, मनोज सोनी, कुंदन गोस्वामी समेत कई लोग मौजूद थे।










डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉo अनिल कुमार